## Girls' High School & College , Prayagraj

## Worksheet No. – 04

## Session – 2020-2021

## Class – 7th A,B,C,D,E,F

## Subject – Hindi Language

**निर्देश–अभिभावकों से निवेदन है कि दिए गए अभ्यास कार्य को किसी भी व्याकरण पुस्तक द्वारा पूर्ण कराने में छात्राओं की सहायता करें |**

## पाठ – समास

तत्पुरुष समास के भेद –

तत्पुरुष समास के दो उपभेद होते हैं –

(1) कर्मधारय समास

(2) द्विगु समास

क – कर्मधारय समास –जहाँ समस्त पद के दोनों पदों में एक पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य हो या उनमें उपमान – उपमेय का संबंध हो तथा उत्तर पद प्रधान हो, तो उसे कर्मधारय समास कहते हैं| जैसे –

विशेषण- विशेष्य कर्मधारय समास

| पूर्वपद | उत्तरपद | सामासिक शब्द | समास-विग्रह |
|---|---|---|---|
| पीत | वस्त्र | पीतवस्त्र | पीले रंग के वस्त्र |
| महा | देव | महादेव | महान है जो देव |
| मुख्य | मंत्री | मुख्यमंत्री | मुख्य है जो मंत्री |
| महा | आत्मा | महात्मा | महान है जो आत्मा |
| काली | मिर्च | कालीमिर्च | काली है जो मिर्च |

उपमेय-उपमान समास-

| पूर्व पद | उत्तर पद | सामासिक पद | समास-विग्रह |
|---|---|---|---|
| मृग | नयन | मृगनयन | मृग के समान नयन |
| कनक | लता | कनक लता | कनक के समान लता |
| क्रोध | अग्नि | क्रोधाग्नि | क्रोध रूपी अग्नि |
| प्राण | प्रिय | प्राणप्रिय | प्राणों के समान प्रिय |

ख – द्विगु समास –जिस समास का पूर्व या पहला पद संख्यावाचक विशेषण होता है और समस्त पद समूह का बोध कराता है, उसे द्विगु समास कहते हैं | जैसे –

त्रिशूल - तीन शूलों का समूह

अष्टग्रह – आठ ग्रहों का समूह

सप्ताह - सात दिनों का समूह

सप्तर्षि - सात ऋषियों का समूह

त्रिरत्न - तीन रत्नों का समूह

ग- बहुव्रीहि समास –जहाँ समस्त पदों में न तो पहला पद प्रधान होता है और न ही दूसरा पद, बल्कि अन्य पद(बाहर का)की प्रधानता होती है, उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं | जैसे -

*पीताम्बर – पीत अंबर (वस्त्र) हैं जिसके – कृष्ण

* नीलकंठ - नीला कंठ है जिसका - शिव

* हंसवाहिनी – हंस पर है जो सवार - सरस्वती

* दसमुख - दश (दस) है जिसके मुख - रावण

* चतुर्भुज - चार भुजाएँ हैं जिसकी - विष्णु

घ - द्वंद्व समास –जिस समास में दोनों ही पद समान महत्व रखते हों और समास करने पर समुच्चयबोधक अव्यय 'और, तथा, एवम् या अथवा'आदि का लोप हो जाए, वह द्वंद्व समास कहलाता है| जैसे –

समस्त पद = समास विग्रह

लाभ – हानि = लाभ और हानि

प्रश्न - उत्तर = प्रश्न तथा उत्तर

राजा - रानी = राजा एवं रानी

जन्म – मृत्यु = जन्म अथवा मृत्यु

छोटा- बड़ा = छोटा या बड़ा

संधि और समास में अंतर –

1- संधि वर्णों के मेल से होती है, जबकि समास में पदों का मेल होता है|

2- संधि में वर्णों के मेल से विकार उत्पन्न होता है जबकि समास पद समूह को संक्षिप्त करने का कार्य करता है| जैसे –

पुस्तक + आलय = पुस्तकालय (संधि)

तीन लोकों का समूह = त्रिलोक (समास)

द्विगु समास और बहुव्रीहि समास में अंतर –

द्विगु समास में समस्त पद का पहला पद संख्यावाचक विशेषण है तथा दूसरा पद उसका विशेष्य, लेकिन बहुव्रीहि समास में दोनों ही पद(समस्त पद ) विशेषण का काम करते हैं| जैसे-

त्रिनेत्र – तीन नेत्रों का समूह (द्विगु समास)

तीन नेत्र हैं जिसके (शिव) (बहुव्रीहि)

दशानन – दस आननों (मुखों) का समूह (द्विगु समास)

दस आनन (मुख) हैं जिसके (रावण) (बहुव्रीहि)

प्रश्न 1- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1- कर्मधारय समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए |

2- बहुव्रीहि समास किसे कहते हैं?

3- द्वंद्व समास किसे कहते हैं?समझाकर लिखिए|

4- कर्मधारय समास तथा बहुव्रीहि समास में क्या अंतर है?

5- संधि और समास में क्या अन्तर है? समझाकर लिखिए|

6- द्विगु समास और बहुव्रीहि समास में क्या अन्तर है ? उदाहरण सहित लिखिए |

प्रश्न-2- निम्नलिखित समस्त पदों के समासों के नाम लिखिए-

- महादेव
- क्रोधाग्नि
- सप्तर्षि
- लाभ- हानि
- पीताम्बर

प्रश्न-3- निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

*भारत रत्न

*बंधनमुक्त

*मुरलीधर

*जेबकतरा

*राजमाता

*घुड़सवार

*सेनापति

प्रश्न-4- निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करिए तथा समास का नाम भी लिखिए-

- पंचामृत
- आजन्म
- नवग्रह
- चौमासा
- पाप – पुण्य

प्रश्न-5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प लिखिए-

1- ‘आजीवन’ में कौन-सा समास है ?

- अव्ययीभाव
- तत्पुरुष
- बहुव्रीहि
- कर्मधारय

2- ‘चक्रपाणि’ में कौन-सा समास है ?

- तत्पुरुष
- बहुव्रीहि
- कर्मधारय
- द्विगु

3- ‘यथाशक्ति’ का सही विग्रह है-

- शक्ति के अनुसार
- शक्ति यथा है
- जैसी शक्ति
- यथा योग्य शक्ति

4- ‘रात ही रात' का में समस्त पद बनेगा-

- रात – रात
- रातों रात
- रात ही रात
- रात हो रात

5- ‘कमलनयन’ में कौन-सा समास है ?

- बहुव्रीहि
- कर्मधारय
- तत्पुरुष
- द्विगु

प्रश्न 6 – निम्नलिखित शब्दों का उचित मिलान कीजिए –

| | |
|---|---|
| प्रथम पद अव्यय | तत्पुरुष समास |
| * उत्तर पद प्रधान | कर्मधारय समास |
| * विशेषण- विशेष्य | शब्दों का मेल |
| * दोनों पद समान | वर्णों का मेल |
| * संधि | अव्ययी भाव समास |

* समास			द्वंद्व समास

प्रश्न 7 – निम्नलिखित रेखांकित शब्दों को समस्त पद में परिवर्तित करके पुनः लिखिए -

* भगतसिंह के लिये देश की भक्ति ही सबसे बड़ा धर्म था|

* प्रत्येक कार्य को कायदे के अनुसार करना चाहिए|

* यह पुस्तक हस्त द्वारा लिखित है|

* घर के सामने चार राहों का समूह है |

प्रश्न 8- निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –

* आकाश-पाताल एक करना-

* अक्ल का दुश्मन –

प्रश्न 9- निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए –

- कुल
- गुरु
- पानी

प्रश्न 10- निबंध लेखन –

* निम्नलिखित विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिये -

विद्यार्थी जीवन

प्रश्न 11 - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये -

अपठित गद्यांश

हमारे देश को बनाने में प्रकृति की दो अद्भुत चीजों का बड़ा हाथ है| वे हैं- हिमालय और गंगा| यदि हमारे देश के उत्तर में हिमालय न होता तो मानसून की वर्षा हमारे देश में नहीं होती| साथ ही उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएँ हमारे देश के उत्तरी मैदान को बंजर बना देतीं| इस तरह हिमालय हमारे देश का रक्षक है| वह मानसून की हवाओं को इस पार ही रोक लेता है और बर्फ़ीली हवाओं को उस पार से ही लौटा देता है परन्तु केवल इतने से ही हमारे देश का मैदान उपजाऊ नहीं बन गया| ऊँचे पहाड़ों पर बर्फ़ के रूप में जमे पानी को मैदान तक उतार कर भी तो लाना था, जिससे वह हमें जीवन दे सके| यह काम गंगा नदी ने किया| गंगा एक प्रकार से भारतीय सभ्यता का आधार रही है| इसी के किनारे हमारे देश के इतिहास की प्रमुख घटनाएँ घटी हैं |

**प्रश्न :-**

* हिमालय किस दिशा में स्थित है?

* हिमालय से हमारे देश को कौन-कौन से लाभ हैं ?

* गंगा नदी भारत के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?

* भारतीय सभ्यता का आधार गंगा नदी रही है| कैसे?

* उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

# END